मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 230 ■ बुधवार, 6 दिसंबर 2023 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.)  Mobile.:- 9822045566

www.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**CID के इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स का निधन**

## क्राइम डायरी...

### पिक अप की टक्कर से महिला घायल

**उल्हासनगर.** सेंचुरी हाईस्कूल के सामने सड़क पर पैदल जा रही एक महिला को एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया. इस दुर्घटना में महिला का पैर व दोनों हाथ जख्मी हुआ है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला मालतीदेवी श्रीप्रकाश यादव (42) 1 दिसंबर की सुबह 8 बजे के दरम्यान सेंचुरी हाईस्कूल के सामने सड़क पर पैदल जा रही थी. इस दौरान पीछे से तेज गति से आए पिकअप के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके पर महिला को अस्पताल ले जाने के बजाय वहां से फरार हो गया. इस दुर्घटना में मालती देवी के पैर व दोनों हाथ जख्मी हो गए हैं. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 338 समेत मोटर वेहिकल एक्ट 184, 134 (अ)(ब) के तहत अपराध दर्ज किया है.

# टिटवाला में पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या

■ लाश को ड्रम में डालकर जंगल में फेंका

■ पुलिस ने किया हत्यारे पति को गिरफ्तार

आकिब शेख
दैनिक उल्हास विकास





**कल्याण.** कल्याण से सटे टिटवाला में पति द्वारा पत्नी की बेरहमी से हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने हत्यारे पति मैनुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। टिटवाला पुलिस के अनुसार आरोपी मैनुद्दीन अंसारी ने पहले पत्नी अलीमुन अंसारी की गला दबाकर हत्या की, उसके बाद कुदाल से उसे काटकर सबूत मिटाने की उद्देश्य से लाश को ड्रम में डालकर उसे नालिंदी गांव के जंगल में फेंक दिया।

बताया जाता है कि जब लाश से बदबू आने लगी, तो आने-जाने वाले राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में पता चला कि महिला का गला दबाने के बाद कुदाल से काटा गया है। पुलिस के अनुसार साल 2012 में मृतका अलीमुन अंसारी की शादी हुई थी। दोनों को एक ग्यारह साल का लड़का भी है। हत्यारा पति रिक्शा खरीदने के लिए बार-बार पैसे की मांग कर रहा था। मायके वालों ने हाल ही में 80 हजार रुपया भी दिया था। उसके बाद भी मैनुद्दीन पैसे की मांग करता रहा। घटना के दिन पैसे को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा भी हुआ था। अंत में पुलिस ने हत्यारे पति मैनुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल टिटवाला पुलिस हत्यारे पति को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है।

# 9 को उल्हासनगर में लोक अदालत

■ शहरवासियों की संपत्तियों से संबंधित शिकायतें सुनी जाएंगी




**उल्हासनगर.** शनिवार 9 दिसंबर को उल्हासनगर न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में शहरवासियों की उनकी संपत्तियों से संबंधित शिकायतें सुनी जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से 9 दिसंबर को पूरे भारत में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है कि इसके तहत उल्हासनगर न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा.

इस लोक अदालत में संपत्ति कर पर विलंब दंड (अंतिम अभय योजना) से छूट, संपत्ति कर लगाने और संग्रहण से संबंधित विवादित मामले, प्रविष्टियों को रद्द करने और दोहरी प्रविष्टियों के कारण कर को रद्द करने और अन्य आधारों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। नागरिकों को अपनी संपत्ति संबंधी प्रश्नों या शिकायतों के संबंध में आवश्यक साक्ष्य के साथ 6 दिसंबर शाम 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय में एक लिखित अनुरोध जमा करना होगा।

# अम्बरनाथ पत्रकार संघ को काणे पुरस्कार



**अंबरनाथ.** मराठी प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले वसंतराव काणे आदर्श तालुका पत्रकार संघ के राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए राज्य की 8 टीमों का चयन किया गया है। इनमें कोंकण विभाग से अंबरनाथ तालुका पत्रकार संघ को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। मराठी प्रेस कॉन्फ्रेंस के मुख्य ट्रस्टी एस.एम. देशमुख ने रविवार को इसकी घोषणा की. तदनुसार, पुरस्कार 13 जनवरी को माहुर में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वितरित किए जाएंगे। मानपत्र, स्मृतिचिह्न, शॉल, श्रीफल पुरस्कार का स्वरूप है।

विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों, संवेदनशील पत्रकारिता, शहर विकास में भूमिका जैसे तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस पुरस्कार की घोषणा की गई है। एस. एम. देशमुख, ट्रस्टी किरण नाइक, अध्यक्ष शरद पाबले, कार्यकारी अध्यक्ष मिलिंद अष्टिवकर, महासचिव मंसूरभाई शेख, कोषाध्यक्ष विजय जोशी, राज्य प्रमुख संदीप कुलकर्णी, राज्य कार्यकारी अध्यक्ष डिजिटल मीडिया काउंसिल अनिल वाघमारे, महिला अघाड़ी प्रमुख शोभा जयपुरकर ने पुरस्कार विजेता टीमों को बधाई दी।

# सड़क की जगह पर बन रही बिल्डिंग!

■ टाउन प्लानर ने दी है निर्माण की अनुमति



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक 1 के अंतर्गत पैनल नं. 5 में 5/7/2022 को उल्हासनगर महानगर पालिका के टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा 78/22/316 को निर्माण परमिट मंजूरी दी गई है. वहीं उल्हासनगर के डेपलपमेंट प्लान में इस जगह पर चौक और सड़क को दिखाया गया है। जिससे यह निर्माण विवाद में आ गया है. यदि मनपा की इस अनुमति के अनुरूप निर्माण किया गया तो सड़क व चौराहा प्रभावित होगा। हालांकि चर्चा है कि भाजपा नेताओं के दबाव के कारण शहरी योजनाकार प्रकाश मुले ने चौक में निर्माण की अनुमति दी है।

उल्हासनगर महानगर पालिका का शहरी रचनाकार विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। शहरी योजनाकार वित्तीय लेन-देन करके डेपलपमेंट प्लान को देखे बिना किसी को भी निर्माण की अनुमति दे रहे हैं। फिलहाल मुले की कई शक्तियां मनपा आयुक्त ने छीन ली हैं और अतिरिक्त जिम्मेदारी समुद्रे नामक अधिकारी को दे दी गई है.

विदित हो कि शहरी नियोजक प्रकाश मुले द्वारा 5/7/2022 को निर्माण अनुमति 78/22/316 दी गई है। हालाँकि, जिस स्थान पर निर्माण की मंजूरी दी गई है, उसे विकास योजना में सड़क और चौराहे के रूप में दर्शाया गया है। परंतु विकास योजना के अध्ययन के बिना ही उक्त स्थल पर अनुमति देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है. इससे पहले इसी भाजपा नेता के अनुरोध पर इस विवादास्पद शहरी योजनाकार मुले ने उद्यान के लिए आरक्षित भूमि पर निर्मित भवन के पूरा होने का प्रमाण पत्र दिया था।

# मजदूर के सिर में कैंची घोंप दी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के गाउन मार्केट इलाके में मामूली बात पर एक युवक के सिर में कैंची घोंपने की घटना घटी है. गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान मौसिम अंसारी के रूप में की गई है. मौसीम का भाई कैंप 5 के गाउन मार्केट में इजाज नाम के एक आदमी के लिए काम करता है, लेकिन वह नौकरी छोड़ना चाहता है क्योंकि उसे काम में मजा नहीं आ रहा है। इस बारे में उन्होंने अपने नियोक्ता से भी बात की, लेकिन नियोक्ता ने उन्हें काम छोड़ने की इजाजत नहीं दी। आख़िरकार मौसीम ने मालिक से बात करने के बाद भी दो महीने काम करने को कहा. इसी बीच मौसीम और इजाज के बीच विवाद हो गया. मालिक इजाज ने सीधे मौसिम के सिर पर धारदार कैंची से वार कर घायल दिया. मौसीम की हालत गंभीर होने के कारण उसे उल्हासनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 9867357595 का शुभारंभ



**उल्हासनगर.** मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए महात्मा फुले जन आरोग्य योजना और प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के बारे में जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू किए गए हैं। शशिकांत दायमा ने बताया कि 1064 बीमारियों में से किस बीमारी के लिए किस अस्पताल से संपर्क करना चाहिए, इसकी जानकारी इस हेल्पलाइन नंबर के जरिए दी जाएगी। इस बीच, महात्मा फुले जन आरोग्य योजना की सेवा देने वाले मुंबई और ठाणे जिलों के 120 अस्पतालों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और डॉक्टरों से संपर्क किया गया है और मरीजों की सुविधाओं के लिए जल्द ही विभिन्न चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री सहायता कोष, सांसद व विधायक सहायता कोष को मरीजों तक कैसे पहुंचाया जाये, इस पर मार्गदर्शन दिया जायेगा.

मरीज़ों के लिये एम्बुलेंस तथा ऑपरेशन के समय ब्लड कैसे मिल सके इस बारे में भी सहायता की जाएगी। 'वी फॉर यु सर्विसेज' एवं 'द समर्पण फाउंडेशन' के साथ अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा उक्त हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत की गई है। जिन मरीजों को उनकी बीमारियों व शल्य चिकित्सा व आरोग्य विषयक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करनी हो वे 9867357595 हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

### झोलाछाप डॉक्टर ने किया बुजुर्ग के पैर का ऑपरेशन

# 2 लाख 81 हजार रुपये ठग लिए



**अंबरनाथ.** एक झोलाछाप डॉक्टर ने शहर के पूर्वी हिस्से में एक वरिष्ठ नागरिक के पैर का आपरेशन कर 2 लाख 81 हजार रुपये हड़प लिए. पुलिस ने डॉक्टर और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है.

अंबरनाथ शहर के पूर्वी भाग में रहने वाला एक वृद्ध नागरिक गठिया रोग से पीड़ित था। उसने अपने परिचित एक व्यक्ति को इस दर्द के बारे में बताया। वह व्यक्ति एक डॉक्टर को जानता था. उसने उस डॉक्टर का नंबर दिया और कहा कि इलाज से उन्हें बेहतर महसूस होगा। इसके अनुसार वरिष्ठ नागरिक ने डॉ. मर्चेंट को फोन कर इलाज के लिए घर बुलाया। डॉक्टर ने यह कहकर चार-पांच दिन तक इलाज किया कि यह इलाज की यूनानी पद्धति है। डॉक्टर ने एक ब्लेड से वरिष्ठ नागरिक के पैर के नीचे काटा और उसमें से पीला पित्त और रक्त निकाले जाने का ढोंग किया. इसके बाद वरिष्ठ नागरिक से 2 लाख 81 हजार रुपए की रकम हड़प ली. वरिष्ठ नागरिक के बेटे को इस उपचार के बारे में संदेह हुआ, तो उसने डॉ. आर. मर्चेंट, कुसुम मेहता, डॉ. राज मर्चेंट, मोहम्मद आसिफ चारों के खिलाफ शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आशंका है कि ऐसी इलाज पद्धति से शहर में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या बढ़ गयी है और संबंधित लोग इस पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं.

> वरिष्ठ नागरिक ने बिना किसी जानकारी या पूछताछ के आंख मूंद कर इलाज कराया। लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला कि इलाज का प्रकार फर्जी है तो उन्होंने उस डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया. जल्द ही ये फर्जी डॉक्टर हमारी पकड़ में होंगे.
>
> **-अशोक भगत,** वरीष्ठ पुलिस निरीक्षक

# तहसील कार्यालय से नकदी व मोबाइल चोरी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तहसील कार्यालय से एक मोबाइल व 8 हजार रुपए नकद चोरी होने की घटना सामने आई है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंबरनाथ तहसील कार्यालय में 28 नवंबर को 11 बजे से 29 नवंबर की रात 2 बजे के दरम्यान अज्ञात चोर ग्राउंड फ्लोर पर लोहे की ग्रिल तोड़कर भीतर घुसा और पहली मंजिल पर काम करने वाले शिपाई गंगाधर वरठा व फर्नीचर का काम करनेवाला कारीगर रावताराम देवाराम चौधरी का एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल (3000 रु.) व 8 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गया. अंबरनाथ पुलिस ने भादंसं की धारा 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक एन. एस. बेलगे मामले की जांच कर रहे हैं.

### स्त्री शक्ति दिवस पर रोटरी क्लब आफ उल्हासनगर का आयोजन

# 500 छात्राओं ने ली आत्मरक्षण की तालीम







**उल्हासनगर।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित भव्य सर्विस सप्ताह कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रोटरी क्लब आफ उल्हासनगर द्वारा स्त्री शक्ति दिवस मनाया गया। जहां करीब 500 छात्राओं ने आत्मरक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष डॉ. हरीश शहदादपुरी की देखरेख में हुआ।

ज्ञात हो कि रोटरी क्लब द्वारा 3 से 9 दिसंबर 2023 तक भव्य सर्विस सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें मंगलवार 5 दिसंबर 2023 को रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर के अध्यक्ष डॉ. हरीश शहदादपुरी द्वारा स्त्री शक्ति दिन के उपलक्ष्य में महिलाओं व युवतियों को सेल्फ डिफेंस आत्मरक्षा की तकनीक महाराष्ट्र मित्र मंडल स्कूल उल्हासनगर-1 में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सिखाई गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल व कॉलेज के करीब 500 छात्राओं ने भाग लिया। महिलाओं व युवतियों पर आए दिन हो रहे अत्याचार को देखते हुए क्लब द्वारा यह सराहनीय पहल की गई। युवतियों को आत्मरक्षा के जरिए किस तरह खुद का बचाव व रक्षा करनी चाहिए उसका प्रशिक्षण विशेषज्ञ आशुतोष विश्वकर्मा की मौजूदगी में किया गया। इस उपलक्ष्य में असिस्टेंट गवर्नर प्रकाश चांगलानी, श्री बसवराज, डॉ. तोमर, गुल आडवाणी, पप्पू बहरानी, मुरली हसेजा आदि उपस्थित थे। याद रहे कि आज 6 दिसंबर को शाम 6 से 9 बजे तक रोटरी क्लब ऑफ सिंधुनगर के अध्यक्ष प्रदीप (पप्पू) बहरानी द्वारा ज्येष्ठ नागरिक महोत्सव दिवस गोल मैदान ब्रह्माकुमारी पीस पार्क छतरी में शाम 6 से 9 बजे तक मनाया जाएगा जहां हेल्थ चेकअप, अवेयरनेस शिविर के साथ मनोरंजन का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील रोटरी क्लब के सदस्यों ने शहरवासियों से की है।

# 27 गांवों में पानी का संकट जल्द होगा दूर

■ अमृत योजना का 60 फीसदी काम पूरा

■ अक्टूबर 2024 में चालू होगी योजना



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र के 27 गांवों के लिए अमृत योजना को मंजूरी दी गई है। पिछले कुछ दिनों से इस योजना के काम में तेजी लाई गई है और एक दिन में 300 मीटर पाइलपाइन बिछाने का काम किया गया है. इस योजना का काम लगभग 60 फीसदी तक पूरा हो चुका है. केडीएमसी ने एक दिन में 500 मीटर तक पाइपलाइन बिछाने का भी विचार किया है। अमृत योजना अक्टूबर 2024 तक लागू होने का संकेत है। इसलिए चर्चा शुरू है कि केडीएमसी के 27 गांवों की जलापूर्ति योजना को फास्ट ट्रैक पर पूरी होगी.

27 गांवों में कोले, आशेले, वसार (मानेरे), घरीवली में जलकुंभ के लिए जगह की समस्या है। मानेरे की जमीन वन विभाग के नाम पर होने के कारण जमीन हस्तांतरण का सवाल खड़ा हो गया है. लेकिन मौजूदा हालात में अमृत योजना का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है. एमआईडीसी से टैपिंग के लिए आवश्यक अनुमतियां भी पूरी कर ली गई हैं। वर्तमान परिदृश्य में, नवनियुक्त केडीएमसी आयुक्त द्वारा अमृत योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है।

केडीएमसी के कार्यकारी अभियंता शैलेश कुलकर्णी योजना के काम में तेजी ला रहे हैं। कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक गणपत गायकवाड़ और कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजू पाटिल इस समय अधिकारियों के साथ कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। 27 में से 23 जल कुंभों पर काम शुरू हो चुका है और उनमें से अधिकांश पूरा होने के करीब हैं। हालांकि, केडीएमसी क्षेत्र के कोले गांव और निलजे इलाके में जलकुंभ के काम में बाधाएं आई हैं.

### केडीएमसी अब स्मार्ट मीटर लगाएगी

बताया जा रहा है कि एमआईडीसी से केडीएमसी को कम पानी दिया जा रहा है और ज्यादा पानी देने की बात कही जा रही है. एमआईडीसी से आने वाले पानी को रिकॉर्ड करने के लिए 48 मीटर भी लगाए गए थे। लेकिन अब 27 गांवों को भरपूर पानी मिले, इसके लिए केडीएमसी द्वारा स्मार्ट मीटर की मंजूरी दी जाएगी। इस संबंध में केडीएमसी कमिश्नर के साथ बैठक में निर्णय लिया गया है. तो अब **MIDC** की पानी चोरी से भी जल्द ही **KDMC** का पर्दाफाश होने के संकेत मिल रहे हैं.

# मेल ट्रेनों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

■ कोणार्क एक्सप्रेस से चुराई थी यात्री की बैग

■ लेपटॉप, मोबाइल और हार्ड डिस्क आदि बरामद



**कल्याण.** कल्याण जीआरपी ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है, जो मेल ट्रेनों के एसी कम्पार्टमेंट में चोरी किया करता था। एक सप्ताह पूर्व 28 नवंबर को लोनावाला से कल्याण के बीच कोणार्क एक्सप्रेस की एसी कोच में अभियुक्त ने बड़ा हाथ मार दिया था, लेकिन वह पुलिस की जाल में फंस गया। डोंबिवली से गिरफ्तार शातिर चोर का नाम अजय रामसुमेर सरोज बताया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है। कल्याण जीआरपी की थाना इंचार्ज अर्चना दुसाने ने बताया कि उक्त आरोपी ने 28 नवंबर को कोणार्क एक्सप्रेस से सफर करने वाले यात्री की बैग चुराली थी। जानकारी मिलने के बाद जीआरपी के सहायक पुलिस निरीक्षक प्रमोद देशमुख की टीम ने सीसीटीवी एवं गुप्त सूचना के आधार पर अजय रामसुमेर सरोज को 30 नवंबर की रात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसके पास से यात्री का चोरी हुआ लेपटॉप और मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसने और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## एआई के वादे और खतरे

इस बात पर बहस कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईए) एक तकनीकी प्रगति से अधिक खतरा है, एक महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंच गई, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने 30 अक्टूबर को एक व्यापक कार्यकारी आदेश जारी किया जिसमें आईए द्वारा उत्पन्न खतरों के खिलाफ स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई। विशेष रूप से विनाश के विनाशकारी हथियारों और साइबर हमलों के विकास के क्षेत्रों में। यदि IA उत्पादों को विकसित करने और अपनाने के व्यवसाय में कंपनियों की निगरानी के माध्यम से IA की सुरक्षा और विश्वास की गारंटी देना आवश्यक था, तो संघीय सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के लिए रूपरेखा को परिभाषित करने के लिए आदेश पारित किया गया। यहां तक कि कंपनी की एक निश्चित पहल को छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए उत्पादन की रक्षा के पुराने कानून के आधार पर जबरदस्त उपाय भी किए गए। यह उपाय इस संदर्भ में भी लिया गया है कि सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका में वैज्ञानिक अनुसंधान के एक प्रमुख वित्तपोषक है। आईए से जुड़े मुख्य खतरे डेटा गोपनीयता के उल्लंघन से लेकर चुनावों में हस्तक्षेप, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विनाश से लेकर, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में, महामारी की तैयारी तक और भौतिक जैविक के अनुचित उपयोग से लेकर निर्माण तक हैं। दमन के उपकरण. अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया के बीच महत्वपूर्ण संचार बुनियादी ढांचे को बदलने के तरीकों की खोज के लिए समर्पित चीन द्वारा प्रायोजित अनुसंधान की बात की है। यह स्पष्ट था – इस तथ्य से प्रेरित कि सामाजिक नेटवर्क को युद्ध के साधन में बदल दिया गया था – कि आईए, जो टीआई की एक निश्चित प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है, देशों और खिलाड़ियों को इसके नए संस्करण विकसित करने में मदद करने का प्रयास करता है। शक्ति द्वारा युद्ध", जहां तक हथियारों के स्वचालन की बात है। दिलचस्प बात यह है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अन्य चीजों के अलावा, मतदाताओं को प्रभावित करने, नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को बदनाम करने और सार्वजनिक कलह पैदा करने के लिए डिज़ाइन किया गया) पर आधारित डीपफेक भारतीय संदर्भ में काम कर रहे हैं। ज्योफ्री हिंटन, जो स्वचालित शिक्षण और न्यूरोनल नेटवर्क में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने IA के खतरों के बारे में बात की होगी, जबकि एलोन मस्क ने कई अन्य तकनीकी नेताओं के साथ एक खुले पत्र में चेतावनी दी थी कि IA प्रयोगों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।

# लोकसभा चुनावों में मोदी मैजिक विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती

तू इधर-उधर की न बात कर ये बता कि काफिला क्यों लुटा
मुझे रहजनों से गिला नहीं तेरी रहबरी का मलाल है...

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों में तीन प्रमुख राज्यों में कांग्रेस की हार पर यह शेर पूरी तरह लागू होता है। इन चुनावों में भाजपा ने अप्रत्याशित रूप से उत्तर भारत के तीन प्रमुख राज्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में शानदार जीत दर्ज करके उन सारे आकलनों और अनुमानों को ध्वस्त कर दिया है, जो यह मानकर चल रहे थे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत तय है और तेलंगाना में भी कांग्रेस सरकार बना सकती है। जबकि राजस्थान में कांटे की टक्कर में भाजपा, कांग्रेस में किसी का भी दांव लग सकता है। अगर ऐसा होता तो माना जाता कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को कांग्रेस और विपक्ष से कड़ी चुनौती मिलेगी। लेकिन जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों के छत्रपों की जगह खुद को आगे करके यह चुनाव लड़ने का जोखिम उठाया, उससे साबित हो गया कि इस शानदार जीत के पीछे भाजपा की रणनीति और मोदी मैजिक सबसे बड़ा कारण है। इसलिए कहा जा सकता है कि जो मोदी मैजिक विधानसभा चुनावों में इतना कारगर हो सकता है, वो लोकसभा चुनावों में जब खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने लिए वोट मांगेंगे तो इससे भी ज्यादा कारगर क्यों नहीं होगा।



जाहिर है इन नतीजों ने भाजपा की उम्मीदों और भरोसे को पंख लगा दिए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन राज्यों की हैट्रिक जीत को 2024 में भाजपा की लोकसभा चुनावों में जीत की हैट्रिक की गारंटी बताया है। इन नतीजों से भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के भीतर पहले से ही मौजूद भाजपा और मजबूत होगी और सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे में उठ सकने वाले असंतोष के स्वर न सिर्फ खामोश होंगे, बल्कि सहयोगी भाजपा की इच्छानुसार सीट बंटवारे के हर फॉर्मूले को सिर झुकाकर स्वीकार करेंगे। बिहार की हाजीपुर सीट के लिए न चिराग पासवान बाल हठ कर सकेंगे और न ही उनके चाचा पशुपति पारस ही हाजीपुर न मिलने पर एनडीए से बाहर जाने की सोच सकेंगे। जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा भी प्रसाद में जो मिलेगा उस पर ही खुश रहेंगे। कुछ इसी तरह उत्तर प्रदेश में अनुप्रिया पटेल का अपना दल और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा सीट बंटवारे को लेकर आंखें नहीं तरेर सकेंगे। महाराष्ट्र में भी भाजपा ही तय करेगी कि लोकसभा की 48 सीटों में सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) कितनी और कौन सी सीटों पर लड़ेंगे।

इस लिहाज से लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर आए विधानसभा चुनावों के इन नतीजों से न सिर्फ भाजपा का दबदबा बढ़ गया है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी का कद पार्टी के भीतर और बाहर और बड़ा हो गया है। अब भाजपा नेतृत्व आसानी से मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान में वसुंधरा राजे और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के विकल्प के तौर पर पार्टी में नया नेतृत्व तैयार कर सकता है, क्योंकि ये चुनाव इन छत्रपों के नाम पर नहीं बल्कि पार्टी के निशान कमल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जीते गए हैं। भाजपा की अंदरूनी राजनीति में यह एक निर्णायक मोड़ है, जब अटल-आडवाणी युग के क्षेत्रीय छत्रपों की जगह पार्टी उत्तर भारत के इन तीन प्रमुख राज्यों में नया नेतृत्व विकसित करेगी। हालांकि इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की भीड़ की वजह से यह एक चुनौती भी है, लेकिन भाजपा का मौजूदा नेतृत्व इन चुनौतियों के बखूबी निपटना जानता है। जाहिर है कि लोगों ने कांग्रेस को वोट तो दिया, लेकिन भाजपा ने अपनी रणनीति और मोदी करिश्मे से उन मतदाताओं, जो कांग्रेस भाजपा से इतर के दलों को मिलते रहे हैं, उन्हें अपनी तरफ खींचकर अपना मत प्रतिशत बढ़ाया और सीटों की संख्या में जबर्दस्त बढ़ोत्तरी कर ली। मध्यप्रदेश में उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जिलों में समाजवादी पार्टी का परंपरागत वोट हर विधानसभा क्षेत्र में पांच से 15 हजार तक रहा है। लेकिन सपा से गठबंधन न करने और सपा-कांग्रेस की तूतू-मैंमैं से इन मतदाताओं ने सपा को छोड़कर कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए भाजपा को वोट दिया, जिसका फायदा भाजपा को उन सीटों पर मिला, जहां उसके उम्मीदवार बहुत कम अंतर से जीते हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**ध्यानाभ्यास के द्वारा जीवन के वो सभी रहस्य जो मानवता को उलझाए हुए हैं, सुलझ जाते हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नए कल्याणकारी राज्य का आगाज

तीन दिसंबर 2023 को हुई मतगणना में जब चार बड़े राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में से तीन में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में काबिज होती दिखाई दे रही है, और कांग्रेस को मात्र एक ही राज्य तेलंगाना में जीत हासिल हुई है, राजनीतिक विश्लेषक भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस जीत के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी चुनाव में अक्सर कांग्रेस पार्टी की सांप्रदायिक वोट बैंक, भ्रष्टाचार, वंशवाद आदि की राजनीति के मुद्दे उठाती रही है। राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, सांप्रदायिक हिंसा (विशेष तौर पर सर तन से जुदा) जैसे मुद्दे काफी मात्रा में चर्चा में रहे। लेकिन इतिहास गवाह है कि चाहे ये मुद्दे भी महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन यदि कोई पार्टी या सरकार लोगों की भलाई के लिए काम नहीं करती, तो जनता उसे कभी स्वीकार नहीं करती।

वोट अनुपात के रूप में भाजपा को मध्य प्रदेश में 48.81 प्रतिशत, राजस्थान में 41.85 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 46.35 प्रतिशत वोट मिलना इस बात को दर्शाता है कि पार्टी की केंद्र सरकार की योजनाओं और उनकी उपलब्धियों से जनता संतुष्ट है और इसलिए उसकी सरकार चाहती है। जाहिर है वंशवाद, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक हिंसा के बारे में भी जनता संवेदनशील है और देश में स्वस्थ एवं विकासवादी राजनीति की स्थापना चाहती है। वो वोट बैंक की राजनीति के चलते आर्थिक-सामाजिक वातावरण को दूषित भी नहीं होने देना चाहती।

### विकसित भारत बनाने का सपना

भारत का आम जन इस दंश के साथ जी रहा था कि भारत एक गरीब देश है जो अमीर देशों की अकूत संपत्ति, विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊंची आमदनी और उच्च जीवन स्तर का मुकाबला कर ही नहीं सकता। उनके बराबर पहुंचने में हमें कई सदियां भी लग सकती हैं। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था भी सबसे जर्जर पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। यहां घटते निवेश और लगातार घटती संवृद्धि दर की त्रासदी भी झेल रहा था। लेकिन मात्र 10 वर्षों से भी कम समय में भारत विश्व की दसवीं अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ता हुआ पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंच गया है और अगले तीन सालों से भी कम समय में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

आज भारत विश्व की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था भी बन चुका है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के पहले 100 वर्ष पूर्ण होने से पहले एक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प देकर देश के आमजन की आकांक्षाओं को नए पंख देने का काम किया है। स्वाभाविक ही है कि इन आकांक्षाओं के मद्देनजर देश की जनता ने भाजपा के नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया है, जिसका एक नमूना मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दिखा।

मुफ्त की योजनाओं को जनता ने नकारा : पिछले कुछ समय से कुछ राज्यों में सरकारों और राजनीतिक दलों द्वारा बड़ी मात्रा में मुफ्त की योजनाओं के दम पर सत्ता पर काबिज होने का प्रयास शुरू हुआ है। उसके कारण उन्हें कुछ हद तक सफलता भी मिलती हुई दिखाई दे रही है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी और उसकी सरकारों द्वारा मुफ्त की योजनाओं की झड़ी लगी हुई है। उधर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की मुफ्त की योजनाएं बड़ी मात्रा में चल रही हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन योजनाओं को चलाने हेतु इन प्रांत सरकारों के पास पर्याप्त धन की भारी कमी है जिसके कारण वे एक ओर तो भारी कर्ज में डूबते जा रहे हैं, तो दूसरी ओर इन मुफ्त की योजनाओं के कारण वे आवश्यक मदों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आमजन को सशक्त बनाने वाली अन्य योजनाओं पर खर्च भी नहीं कर पा रहे हैं। इन चुनावों में भी दलों ने इन मुफ्त की योजनाओं की काफी घोषणाएं की।

**जरा हट के**

# दुनिया का सबसे सुंदर पेड़ 800 साल है पुराना

दुनिया साउथ कोरिया के बंगये-री गांव में एक अद्भुत पेड़, जो 'जिन्कगो' का है. ऐसा माना जाता है कि यह पेड़ कम से कम 800 साल पुराना है, जो देखने में बहुत ही सुंदर है. देखने में यह पेड़ ऐसा लगता है कि जैसे सोने से बना हुआ हो, जिसकी सुंदरता को देखने के लिए दूर-दूर से टूरिस्ट आते हैं. कुछ लोग कहते हैं कि यह दुनिया का सबसे सुंदर पेड़ है. अब इसी पेड़ का एक वीडियो वायरल हो रहा है.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्स 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर इस पेड़ का वीडियो @gunsnrosesgirl3 नाम के यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि 'यह जिन्कगो पेड़ दक्षिण कोरिया के बंगये-री गांव में स्थित है. ऐसा माना जाता है कि यह कम से कम 800 साल पुराना है.' 4 दिसंबर को पोस्ट किए गए इस वीडियो पर अब तक हजारों की संख्या में व्यूज मिल चुके हैं.<



डेलीमेल की रिपोर्ट के अनुसार, इस पेड़ को 31 जनवरी, 1965 से एक प्राकृतिक स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है. इस पेड़ की कुल ऊंचाई 33 मीटर (108 फीट) है, जो पूर्व से पश्चिम की ओर 37.5 मीटर (123 फीट) तक फैला हुआ है.

विजिट कोरिया की रिपोर्ट के अनुसार, किंवदंती के अनुसार इस पेड़ को सियोंग्जू ली फैमिली के एक सदस्य ने लगाया था, जो यहां पानी पीने के लिए रुके थे और जब वे चले गए तो उनके कर्मचारियों ने इस पेड़ को लगाया. पेड़ के बारे में एक और किंवदंती है कि इसमें एक सफेद सांप रहता है, यही कारण है कि यह आज इतना मजबूत और बड़ा हो गया है.

स्थानीय किसानों का मानना है कि अगर शरद ऋतु में पूरा पेड़ सुनहरा हो जाए, तो उनकी अच्छी फसल होगी. बांगये-री गांव के मुखिया चाई बेओम-सिक ने 2021 में कोरिया जोंगअंग डेली को बताया, 'इस पेड़ को देखने के लिए एक दिन में औसतन 4,000 लोग आते हैं, फिर चाहे वह दिन वीकडे हो या वीकएंड.'

# कम सोने वाली महिलाओं को डायबिटीज का खतरा

- **पुरुषों से ज्यादा महिलाओं के लिए नींद है जरूरी**




कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक अगर महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में नींद न मिले तो इससे उनमें डायबिटीज का खतरा 16 फीसदी तक बढ़ जाता है। इस स्टडी में शोधकर्ताओं ने देखा कि अगर महिलाएं लगातार छह हफ्तों तक अपनी नींद में डेढ़ घंटे यानी 90 मिनट की कटौती करें तो इससे उनका मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 12 फीसदी तक बढ़ जाता है। मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन एक जरूरी मार्कर है, शरीर में ब्लड शुगर लेवल और टाइप 2 डायबिटीज को मापने का। इंसुलिन की मात्रा ब्लड शुगर लेवल के अनुपात में ही बढ़ती है।

यूं तो सांस लेने, खाना खाने और पानी पीने के बाद जीवन के लिए तीसरी सबसे जरूरी चीज है नींद। नींद का असर हमारे इम्यून सिस्टम पर, बॉडी वेट पर, दिमाग की फंक्शनिंग पर और यहां तक कि ब्लड शुगर और बीपी यानी ब्लड प्रेशर तक पर पड़ता है। बारीकी से पड़ताल करने जाएंगे तो पता चलेगा कि शरीर के भीतर चल रही कोई ऐसी गतिविधि नहीं है, जो नींद की क्वालिटी से प्रभावित न हो रही हो।

लेकिन डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित कोलंबिया यूनिवर्सिटी की इस रिसर्च के मुताबिक नींद की कमी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को और उसमें भी खासतौर पर पोस्ट मेनोपॉजल महिलाओं के ब्लड शुगर लेवल को ज्यादा प्रभावित करती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं के शरीर के विशिष्ट हॉर्मोनल उतार-चढ़ाव को देखते हुए नींद के प्रति लापरवाही ज्यादा नुकसानदेह हो सकती है।

इस अध्ययन में शामिल महिलाओं में एक तिहाई संख्या पोस्ट मेनोपॉजल महिलाओं की थी। कुल 38 प्रतिभागियों में 11 महिलाएं पोस्ट मेनोपॉजल थीं और सभी स्वास्थ्य के बाकी पैरामीटर्स पर फिट थीं। यानी उनमें से कोई डायबिटिक नहीं थी और उनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य था। साथ ही वह नियमित रूप से सात से आठ घंटे की नींद भी ले रही थीं। स्टडी के दौरान उनकी नींद को दो हिस्सों में बांटा गया। एक हिस्से में उन्होंने अपने सामान्य स्लीप रूटीन को फॉलो किया यानी रोज सात से आठ घंटे की नींद ली। दूसरे हिस्से में उनकी नींद में डेढ़ घंटा कम कर दिया गया। स्टडी के दोनों हिस्सों का टाइम पीरियड छह हफ्ते का था। इस पूरे दौरान उनके ब्लड शुगर लेवल के साथ उनके मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन की भी निगरानी की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि नींद में मात्र नब्बे मिनट की कटौती करने से सामान्य महिलाओं का मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 15 फीसदी और मेनोपॉजल महिलाओं का मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 20 फीसदी बढ़ गया। लेकिन उनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य बना रहा।

# पनीर मंचूरियन

### सामग्री

स्वादिष्ट पनीर मंचूरियन बनाने के लिए आपको 250 ग्राम पनीर, 1 कप हरा प्याज, थोड़ा अदरक, 2 चम्मच अजवाइन, 2 चम्मच चीनी, 1 चम्मच सफेद सिरका, आवश्यकतानुसार रिफाइंड तेल, आवश्यकता के अनुसार लाल मिर्च, 1 छोटी शिमला मिर्च, 1/2 चम्मच पिसी हुई काली मिर्च, 2 छोटी हरी मिर्च, 6 कलियां लहसुन, 2 चम्मच सोया सॉस, 2 चम्मच टमाटर चिली सॉस, नमक आवश्यकतानुसार, 5 बड़े चम्मच मक्के का आटा, आवश्यकतानुसार काली मिर्च की जरूरत होगी. इसके अलावा पनीर मंचूरियन को सजाने के लिए 2 बड़े चम्मच हरे प्याज की जरूरत होगी.

### बनाने की आसान विधि

इस स्वादिष्ट डिश को बनाने के लिए पनीर को क्यूब्स में काट लें. इसके बाद बाकी सभी सब्जियों को धोकर काट लें. अब एक बड़ा बाउल लें और उसमें 3 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर और ½ चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन-अदरक डालकर मिलाएं. अपने स्वाद के अनुसार नमक और लाल मिर्च छिड़कें. इस सामग्री को अच्छी तरह मिला लें.



अब इस मैरिनेड में पनीर के टुकड़े डालें. सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं और सुनिश्चित करें कि पनीर पर मैरिनेड अच्छी तरह से लग जाए.

इसके बाद एक नॉन स्टिक पैन में तेल डालें और एक मिनट तक तेल गर्म करें. तेल गर्म होने पर इसमें लेप किए हुए पनीर के टुकड़ों को डीप फ्राई कर लें. जब ये सुनहरे भूरे रंग के हो जाएं तो इन्हें बाहर निकालें और रुमाल से अतिरिक्त तेल निकाल कर एक तरफ रख दें. फिर तेल को दोबारा गर्म करें और इसमें कटा हुआ प्याज डालें. प्याज को तब तक भूनें जब तक वह नरम और सुनहरे भूरे रंग का न हो जाए. अब इसमें कटा हुआ लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और अजवाइन डालें. अब इसमें शिमला मिर्च डालें और सामग्री को 2-3 मिनट तक चलाते हुए भूनें. फिर पैन में पानी के साथ सोया और टमाटर सॉस डालें. अब इसे धीमी आंच पर पकाएं. इसी बीच इसमें पानी डालकर कॉर्न स्टार्च का गाढ़ा मिश्रण तैयार कर लीजिए. सॉस को गाढ़ा करने के लिए कॉर्न स्टार्च का मिश्रण डालें. अब पैन में तले हुए पनीर के टुकड़े डालें. पैन में सफेद सिरका डालकर अच्छे से मिला लीजिए. नमक और काली मिर्च को मिलाकर अच्छी तरह मिलाएं और एक मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं. बीच-बीच में हिलाते रहें. जब आपका मंचूरियन गाढ़ा हो जाए तो आंच बंद कर दें और इसे हरे हरे प्याज से सजाकर नूडल्स या फ्राइड राइस के साथ परोसें.

# कब्ज की समस्या को इग्नोर करना खतरनाक

- **बवासीर समेत 3 गंभीर बीमारियों का बढ़ता है खतरा**
- **5 तरीकों से पाएं राहत**



कब्ज की समस्या दुनियाभर में करीब 20 प्रतिशत लोगों को परेशान कर रही है, जिनमें बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग शामिल हैं. इसे अंग्रेजी में कॉन्स्टिपेशन कहा जाता है. यह एक ऐसी समस्या है, जो लोगों की आम गतिविधियों को प्रभावित करती है और लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करना बेहद खतरनाक हो सकता है. 3 महीने या इससे ज्यादा समय तक लगातार कब्ज रहे, तो इसे क्रोनिक कॉन्स्टिपेशन माना जा सकता है. यह परेशानी बवासीर समेत कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकती है. इससे जुड़ी जरूरी बातें डॉक्टर से जान लेते हैं.

लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्ट डॉ. अभय वर्मा के मुताबिक कॉन्स्टिपेशन यानी कब्ज एक आम समस्या है. कब्ज मुख्य तौर पर दो तरह की होती है. पहली शौच क्रिया रोजाना न होकर कई दिनों में एक बार होती है. दूसरे प्रकार की कब्ज में शौच क्रिया के दौरान अत्यधिक जोर लगाना पड़ता है. अक्सर कब्ज के मरीज इसे पेट ठीक से साफ न होने की समस्या बताते हैं. लंबे समय तक कब्ज रहने से मरीज मानसिक रूप से परेशान रहता है और अपनी दैनिक गतिविधियों को करने में असहज महसूस करता है.

### गंभीर बीमारी का हो सकता है संकेत

इसके अलावा लंबे समय तक कब्ज रहने से अल्सर और बवासीर की बीमारी पैदा हो सकती है. कभी कभी फिशर भी बन जाता है. फिशर एक ऐसी समस्या है, जिसमें मलत्याग के दौरान गुदा में छोटे छोटे कट लग जाते हैं. यह बेहद दर्नाक समस्या होती है. कुछ लोगों को कब्ज वृद्धावस्था में ज्यादा होती है. हालांकि कई बार कब्ज किसी गंभीर बीमारी का लक्षण भी हो सकता है. जैसे बड़ी आंत का ट्यूमर, डायबिटीज और थायरॉयड की वजह से भी कब्ज हो सकती है. ऐसे में कब्ज को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

### 5 तरीकों से मिलेगी कब्ज से राहत

- कब्ज से बचने और इससे राहत पाने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करनी चाहिए और रेगुलर वॉक करनी चाहिए.
- प्रचुर मात्रा में फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए. डाइट में भरपूर मात्रा में सलाद शामिल करना चाहिए.
- लोगों को कब्ज से बचने और इससे राहत पाने के लिए प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए.
- जिन लोगों को डायबिटीज या थाइरॉइड की समस्या है, उन्हें इन परेशानियों का सही तरह इलाज करवाना चाहिए.
- अगर कब्ज के साथ मलद्वार से खून आता है, शरीर में खून की कमी है या तेजी से वजन घट रहा है, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें.

# सर्दियों में फटी एड़ी से हैं परेशान

सर्दियों की शुष्क हवा से एड़ियां सूखने लगती हैं। पर्याप्त नमी न मिलने से फटना शुरू हो जाती हैं। लगातार पैरों में ठंडी हवा लगने या फिर पैरों के गीले रहने पर भी स्किन गलने लगती है और क्रैक हो जाती है।

वैसे तो मार्केट में कई फुट केयर प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। लेकिन इन महंगे प्रोडक्ट्स की जगह आप घर में भी फुट केयर रूटीन अपनाकर अपनी एड़ियों को सॉफ्ट और शाइनी बना सकते हैं। चलिए फुट केयर रूटीन को समझते हैं-

**स्टेप-1**

सबसे पहले गर्म पानी में नमक डालें। फिर 10 मिनट के लिए अपने पैरों को उसमें डिप करके बैठ जाइए। इसे बाद आप फुट स्क्रबर से एड़ियों को आराम-आराम से रगड़ें। इससे पैरों में जमी डेड स्किन रिमूव हो जाएगी।

**स्टेप-2**

एड़ियों में होममेड स्क्रब लगाएं। होममेड स्क्रब मलाई और ओट्स से बना सकते हैं। इसमें थोड़ा सा शहद भी मिला लें। फिर पैरों पर इसे लगाकर 2 मिनट के लिए स्क्रब करें। बाद में पैरों को पानी से साफ कर लें।

**स्टेप-3**

अब पैरों में ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल हल्का गर्म करके लगाएं। 5 मिनट के लिए हल्की मसाज करें। ऐसा करने से एड़ियों में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है। इतना ही नहीं, पैरों की स्किन पर भी इसका असर साफ नजर आता है।



**स्टेप-4**

पैरों को नॉर्मल पानी से धो लें। टॉवल से अच्छी तरह से पोंछकर सुखा ले। क्योंकि सर्दियों में पैर गीले रह जाते हैं, तो स्किन गलने लगती है और एड़ियां फटनी शुरू हो जाती हैं। इसलिए पैरों को सूखे टॉवल से जरूर साफ करें।

**स्टेप-5**

अब पैरों में नारियल तेल हल्का गर्म करके लगाएं। इसमें कई एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर एड़ियां ज्यादा फटी हैं तो देसी घी गुनगना करके लगाएं। इससे दरारें जल्दी भर जाएंगी। घी लगाने के बाद आपको 15 से 20 मिनट के लिए मोजे पहनने है और फिर बाद में उसे उतार देना है या पहने भी रह सकते हैं।

**लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.**

## आज का राशिफल

**मेष** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें।

**वृष** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मिथुन** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** : कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी।

**तुला** : शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

**धनु** : किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा।

**कुंभ** : पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**मीन** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या

■ गोगामेड़ी को हमलावरों ने घर में घुसकर मारी गोली
■ साथ आया युवक भी मारा गया

**जयपुर.** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार दिनदहाड़े 3 बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाईं, फिर भाग निकले। गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में उनको गोगामेड़ी के घर ले जाने वाले युवक की भी मौत हो गई। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। पुलिस के अनुसार, श्याम नगर जनपथ पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का घर है। मंगलवार दोपहर करीब 1:03 बजे उनके घर 3 बदमाश पहुंचे। पहले तो वे सोफा पर बैठकर गोगामेड़ी से बात करने लगे। करीब 10 मिनट बाद ही दो बदमाश उठे और फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोगामेड़ी के गार्ड ने बचाने की कोशिश की। बदमाशों ने उस पर भी फायरिंग की। जाते-जाते एक बदमाश ने गोगामेड़ी के सिर में भी गोली मारी। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में नवीन को गोली लग गई और उसकी भी मौत हो गई।

फायरिंग के बाद दो बदमाश भागते हुए एक गली से निकले और



एक कार को रोककर लूटने का प्रयास किया। उसने ड्राइवर को पिस्तौल दिखाई तो ड्राइवर कार को भगा ले गया। इस दौरान पीछे से आ रहे स्कूटी सवार को बदमाशों ने निशाना बनाया। स्कूटी सवार को गोली मारकर घायल कर दिया और स्कूटी लेकर फरार हो गया। सूचना पर श्याम नगर पुलिस मौके पर पहुंची।

### नवीन घर में लेकर घुसा था बदमाशों को

जिस नवीन की बदमाशों की गोली लगने से मौत हुई है, वह ही बदमाशों को गोगामेड़ी के घर लेकर पहुंचा था। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के अनुसार मरने वाला नवीन सिंह शक्तावत मुलताई शाहपुरा का रहने वाला था। नवीन जयपुर में कपड़े का व्यापार करता था। पुलिस के पास सभी आरोपियों और घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज है। मौके से भागने वाले दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली हत्या की जिम्मेदारी

इधर, घटना के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से बने फेसबुक पेज पर हत्या की जिम्मेदारी ली गई है। पोस्ट में लिखा- राम राम, सभी भाइयों को मैं रोहित गोदारा कपूरीसर, गोल्डी बरार। भाइयों आज यह जो सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या हुई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम लेते हैं। यह हत्या हमने करवाई है। भाइयों मैं अपको बताना चाहता हूं कि ये हमारे दुश्मनों से मिलकर उनका सहयोग करता था। उनको मजबूत करने का काम करता था। रही बात दुश्मनों की तो वह अपने घर की चौखट पर अपनी अर्थी तैयार रखें। जल्दी उनसे भी मुलाकात होगी।

### हत्या से पहले पी शराब

बदमाश स्कॉर्पियो से पहुंचे थे। गोगामेड़ी के घर के बाहर खड़ी बदमाशों की स्कॉर्पियो में पुलिस को एक बैग, शराब की बोतल और खाली ग्लास मिले हैं। एफएसएल टीम की मदद से फायरिंग वाली जगह से सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए स्कॉर्पियो को लॉक कर खड़ा कर दिया है।

### रोडवेज बस पर पथराव, बाजार बंद

गोगामेड़ी की हत्या के बाद प्रदर्शन शुरू हो गए। जयपुर में लोग हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठ गए। चूरू के सादुलपुर में गांव चैनपुरा बड़ा में जाम लगा दिया।रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद सवारियां बस से उतरकर भाग गई। राजसमंद के कुंभलगढ़ में बाजार बंद करा दिए।

## खबरें गांव की...

### बस में फंसकर घिसटा साइकिल सवार... मौत; ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम

**बरेली.** बरेली के भमोरा क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार निजी बस ने साइकिल सवार ग्रामीण को चपेट में ले लिया। बस के नीचे फंसकर ग्रामीण करीब 50 मीटर की घिसटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने बरेली-मथुरा हाईवे पर जाम लगा दिया। मौके पुलिस ने बस को कब्जे में लिया है। चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

### इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में बवाल: हॉस्टल के छात्र आपस में भिड़े, 100 पर एफआईआर

**प्रयागराज.** कर्नलगंज में रात एक बजे के करीब जीएन झा और एस एस एल हॉस्टल के छात्रों के बीच पहले पथराव हुआ। फिर बमबारी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों हॉस्टल के छात्र भाग निकले। मामले में अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए बमबाजी और पथराव करने वालों की तलाश में जुट गई है। मामले में नाका चौकी प्रभारी की ओर से खुद तहरीर देकर लगभग 100 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ बलवा बमबाजी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों हॉस्टल आमने-सामने स्थित हैं। एसीपी राजेश यादव का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दिन में छोले भटूरे की दुकान पर किसी बात को लेकर दोनों हॉस्टल के कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। रात में झगड़ा इसी बात को लेकर हुआ या कोई अन्य विवाद था। यह उपद्रव में शामिल लड़कों के पकड़े जाने के बाद ही बताया जा सकेगा।

### फोरलेन के किनारे मिला महिला का शव

**गोरखपुर.** एम्स थाना क्षेत्र के फोरलेन बाइपास पर फरेन नाले पुल के नीचे मंगलवार की सुबह 28 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव देखने से लग रहा था कि हत्या के बाद यहां लाकर फेंका गया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची एम्स पुलिस ने पहचान की कोशिश शुरू कर दी है। कुशीनगर से लखनऊ की तरफ जाने वाली लेन में फरेन नाला पुल के नीचे महिला का शव मंगलवार को करीब 10 बजे लोगों ने देखा। महिला मैरून कलर की चेक मैक्सी पहने हुई थी। गले में मंगलसूत्र, पैर में पायल, कान में गहने पहने हुई थी। उसके गले पर कसे जाने का निशान था। पास में दुपट्टा का कटा हुआ आधा हिस्सा मिला है। सूचना पाकर चौकी प्रभारी रमेश कुशवाहा मौके पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया गया।

# साइक्लोन मिचौंग आंध्र तट से टकराकर आगे बढ़ा

**100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल; चेन्नई शहर डूबा, 12 लोगों की मौत**

**चेन्नई.** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग मंगलवार दोपहर आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक दोपहर ठीक 1 बजे तूफान बापटला में नेल्लोर-मछलीपट्टनम के बीच लैंडफॉल कर गया। IMD के मुताबिक, लैंडफॉल के दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से



हवाएं चलीं। अभी भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। तूफान अगले दो घंटे में कमजोर होकर आगे बढ़ जाएगा।

तूफान का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया से NDRF और SDRF की टीम ने 9 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया।

तमिलनाडु में तूफान की वजह से रविवार से भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 2 दिनों के भीतर 3 महीने की बारिश हो गई है। चेन्नई शहर बारिश की वजह से डूब चुका है। 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

# रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री

■ राहुल गांधी ने मुहर लगाई
■ 7 दिसंबर को शपथ लेंगे



**हैदराबाद.** कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी तेलंगाना के मुख्यमंत्री होंगे। राहुल गांधी ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। राहुल ने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना में सीएम पद के लिए चुना गया है। मंगलवार को दिल्ली में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसमें राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई सीनियर नेता मौजूद थे। हालांकि रेवंत रेड्डी के नाम की आधिकारिक घोषणा हैदराबाद में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद होगी। रेवंत 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में पार्टी की जीते के बाद से सीएम पद के लिए रेवंत रेड्डी का नाम लगभग तय था। 6 दिसंबर की शाम उनका शपथ ग्रहण समारोह भी होना था, लेकिन पार्टी में विरोध के चलते इसे रद्द करना पड़ा।

सीएम के रूप में रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण का विरोध करने वालों में पूर्व तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पूर्व डिप्टी सीएम दामोदर राजनरसिंहा शामिल हैं। इन नेताओं ने रेवंत रेड्डी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यह पहला मौका नहीं है, जब रेवंत रेड्डी को पार्टी में विरोध का सामना करना पड़ा है। इससे पहले जब 2021 में उन्हें तेलंगाना कांग्रेस का प्रभार सौंपा गया था। तब भी उन पर पद पाने के लिए करोड़ों रुपए देने का आरोप लगा था।

# TMC बोली- कांग्रेस जमींदारी मानसिकता के चलते हारी

**मुखपत्र में लिखा- चार राज्यों में हार का असर I.N.D.I.A गठबंधन पर पड़ेगा**

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस ने अपने मुखपत्र 'जागो बांग्ला' में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) गठबंधन की साथी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा है। चार राज्यों में कांग्रेस को मिली करारी हार को लेकर मुखपत्र के संपादकीय में लिखा कि कांग्रेस भाजपा के खिलाफ जमींदारी मानसिकता से लड़ रही थी, इसलिए हार गई।

तृणमूल ने अपने मुखपत्र में लिखा कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश,



छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में हार की वजहों पर चिंतन करना चाहिए। जो कमियां नजर आती हैं, उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सुधारना होगा।

### कुणाल घोष बोले- ममता दीदी ने सलाह दी थी, पर कांग्रेस ने नहीं मानी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, TMC नेता कुणाल घोष ने विधानसभा चुनावों में हार को लेकर कांग्रेस पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की जीत नहीं, बल्कि कांग्रेस की हार है। कांग्रेस जमींदारी वाली मानसिकता के साथ चुनाव लड़ रही थी। I.N.DI.A ब्लॉक को आगे बढ़ाने के लिए ममता दीदी ने कांग्रेस को कुछ सलाह दी थी, जो उन्होंने नहीं मानी।

### लोकसभा चुनाव से पहले अपनी कमियां दूर करे कांग्रेस

घोष ने कहा कि कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ना चाहती थी, बुरी तरह हार गई। हालांकि,अब भी समय है, उन्हें अपनी कमियों को दूर करके लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को मजबूत करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो इससे गठबंधन को नुकसान होगा।

# भाई ने 4 दोस्तों के साथ बहन का गैंगरेप किया

ओडिशा के कंधमाल जिले में एक युवक ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर अपनी बहन (25) का गैंगरेप किया। फिर कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी। घटना 3 नवंबर की है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सभी आरोपियों को 2 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, महिला के बड़े भाई और उसकी ननद के बीच अवैध संबंध था। महिला को इसकी भनक लग गई थी। उसने अपने भाई को यह रिश्ता खत्म करने को कहा। ऐसा नहीं करने पर घरवालों को इसकी जानकारी देने की बात कही। इसके बाद भाई ने बहन की हत्या का प्लान बना लिया। पुलिस ने बताया कि घटना के दिन महिला जंगल में पत्ते लाने जंगल गई थी। इस दौरान उसके बड़े भाई ने अपने चार दोस्तों को वहां बुला लिया। सभी ने जंगल में शराब पी। इसके बाद महिला के साथ गैंगरेप किया। रेप करने के बाद आरोपी भाई ने बहन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन बिल पेश

■ डीएमके नेता बोले- BJP केवल गोमूत्र राज्यों को जीत रही है, दक्षिण में घुसने नहीं देंगे

**नई दिल्ली.** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन (5 दिसंबर) लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन बिल पेश किया। चर्चा के दौरान धर्मपुरी से DMK सांसद डॉ. सेंथिल कुमार ने कहा कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी बेल्ट के उन राज्यों को जीतने में ही है, जिन्हें हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं।

सेंथिल ने आगे यह भी कहा कि दक्षिण के राज्यों में BJP को घुसने नहीं दिया गया है। यह



खतरा जरूर है कि कश्मीर की ही तरह भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों को भी केंद्र शासित प्रदेश न बना दे। क्योंकि ये वहां जीत नहीं सकते तो उसे UT बनाकर गवर्नर के जरिए शासन कर सकते हैं।

महुआ मोइत्रा पर एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पेश की जा सकती है। पहले दिन इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ, लेकिन चर्चा नहीं हो सकी। संसद का यह सत्र 22 दिसंबर तक चलने वाला है, जिसमें 15 बैठकों में 21 बिल पेश किए जाने हैं। यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र है।

### कांग्रेस की अपील- महुआ को जवाब देने का मौका मिले

संसद के पहले दिन की कार्यवाही खत्म होने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महुआ मोइत्रा को परेशान करने और निशाना बनाने की एक राजनीतिक साजिश हुई है। हम इसका विरोध करेंगे। सरकार उन्हें निलंबित या निष्कासित करेगी। हम एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा चाहते हैं। हम चाहते हैं कि महुआ मोइत्रा को उन पर लगाए गए आरोपों का जवाब देने का मौका मिले।

# नीरज चोपड़ा की बुमराह को सलाह





■ कहा- रनअप लंबा करने से बढ़ेगी बॉलिंग स्पीड
■ जैवलिन थ्रो के तजुर्बे का हवाला दिया

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह को सलाह दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीरज चोपड़ा ने सलाह देते हुए कहा- ‍ःमुझे लगता है कि उन्हें अपना रनअप लंबा करना चाहिए, जिससे उनकी गेंद की रफ्तार बढ़ सके। वह अपने जैवलिन के तजुर्बे से ये बात बता रहे हैं। हम अक्सर इस बारे में बात करते हैं कि बॉलर्स को अपनी रफ्तार कैसे बढ़ानी चाहिए। वो अगर अपना रनअप थोड़ा पीछ कर लें तो ये हो सकता है। नीरज ने कहा कि बुमराह उनके पसंदीदा गेंदबाज है। उनका बॉलिंग एक्शन काफी अनोखा है। टीम इंडिया का पेस बॉलिंग अटैक काफी निर्भर करता है। वे तीनों फॉर्मेट खेलने वाले पेसर हैं। बुमराह करीब 135 से 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कराते हैं। हाल ही में खेले गए 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 11 मैचों में 18.65 की औसत से 20 विकेट झटके थे। टूर्नामेंट में उन्होंने बल्लेबाजों को रोककर रखने का काम बखूबी किया था। विश्व कप में वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज रहे थे।

### टीवी प्रसारकों से नीरज की अपील

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि जब मैं परफॉर्म करू तो वे मुझे ठीक तरीके से दिखाएं। जब मैं डायमंड लीग में हिस्सा लेता हूं तो वे इसे ठीक से प्रसारित नहीं करते हैं। वो चीज है असली। उस समय प्रसारक केवल हाइलाइट्स दिखाते हैं। मैं सिर्फ मैच देखने के लिए अहमदाबाद गया था और मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया। अगर भारत जीतता तो निश्चित तौर पर मुझे अधिक मजा आता, लेकिन मैंने स्टैंड में अच्छा समय बिताया।

# I.N.D.I.A की बैठक टली

■ अब दिसंबर के तीसरे हफ्ते में

**नई दिल्ली.** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) की कल यानी 6 दिसंबर को होने वाली बैठक फिलहाल टाल दी गई है। अब यह मीटिंग दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के CM नीतीश कुमार और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने बैठक में शामिल होने से इनकार किया था। इसमें हाल ही में आए चुनाव नतीजों पर चर्चा होनी थी।

3 दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आए थे। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में BJP ने जबर्दस्त जीत दर्ज की। इसी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को I.N.D.I.A की मीटिंग बुलाने की घोषणा की थी।

### बैठक में ना जाने के किसने क्या कारण बताए थे

**ममता बनर्जी-** मुझे नहीं पता। बैठक की मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। मुझे कार्यक्रम में उत्तर बंगाल जाना है। मेरे पास बैठक की सूचना होती तो मैं उसके हिसाब से कार्यक्रम तय कर लेती।

**एमके स्टालिन-** तमिलनाडु में मिचौंग चक्रवात आया है। वे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने जा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली आने में असमर्थता जताई थी।

**नीतीश कुमार-** बीमारी के चलते दिल्ली नहीं जा पाऊंगा।

**हेमंत सोरेन-** मैं राज्य में ही व्यस्त हूं। मेरी जगह मेरा प्रतिनिधि दिल्ली की मीटिंग में शामिल होगा।

**संजय राउत-** बैठक जल्दबाजी में नहीं बुलाई गई थी। पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आने से पहले बैठक फिक्स थी। हम शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

# मणिपुर फायरिंग में मारे गए 13 लोग मैतेई थे

मणिपुर में सोमवार को दो गुटों के बीच गोलीबारी में मारे गए 13 लोगों पहचान हो गई है। ये सभी मैतेई समुदाय के हैं। घटना म्यांमार बॉर्डर से लगे कुकी बहुल टेंग्नौपाल जिले के लीथू गांव में हुई थी। मारे गए लोगों में से अधिकतर की उम्र 20 से 25 साल के बीच थी।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों का पुलिस में कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस ने कहा कि इन हत्याओं की जांच जारी है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, ऐसी आशंका है कि ये सभी लोग हथियारों की ट्रेनिंग लेने के लिए बॉर्डर पार जा रहे थे। मणिपुर सरकार ने 3 दिसंबर को कुछ इलाकों को छोड़कर राज्य में मोबाइल इंटनेट सेवाएं 18 दिसंबर तक के लिए बहाल की थीं।



## संक्षेप...

### गोदाम से 3 लाख के माल चोरी

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत कालहेर स्थित जय माता दी कंपाउंड में एक गोदाम का ताला तोड़कर गोदाम में रखा हुआ करीब 3 लाख 6 हजार 35 रुपए का सामान अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गए.जानकारी मिलने पर गोदाम मालिक अजय किशोर शाह द्वारा पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई. मिली जानकारी के अनुसार कालहेर स्थित जय माता दी कंपाउंड सनशाइन सेरेमिक नामक दुकान का रात में ताला खोलकर अज्ञात चोर गोदाम में रखी हुई सामग्री लेकर रफूचक्कर हो गए.चोरी की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है.मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक रोहन शेलार कर रहे हैं.

# महाराष्ट्र में गूंजने लगा चुनावी शंखनाथ



**मुंबई.** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीशगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली शानदार जीत का असर महाराष्ट्र की राजनीति में भी देखा जा रहा है। एक तरफ कांग्रेस की हार से उसके सहयोगी दल के नेताओं में उदासी है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा और उसके सहयोगी दलों के हौंसले बुलंद हैं। भाजपा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य में 45 से अधिक सीटें जीतेने का दावा कर रही है। तीन विधानसभा चुनाव में जीत का जश्न महाराष्ट्र में भी मनाया गया। इसी के साथ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी भी शुरु हो गई। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विश्वास जताया कि महायुति अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य में 45 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि महायुति, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल हैं, 2024 में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करीब 225 विधानसभा सीटें जीतेगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में का प्रदर्शन 2024 के लोकसभा व राज्य चुनावों में इसका दोहराव होगा।

विपक्ष पर वार करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कहते है कि पहले घर-घर मोदी था, लेकिन अब तो यह मन-मन में मोदी हो गया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी, लेकिन विदेश यात्राओं के दौरान यह भारत तोड़ो यात्रा थी। लोगों ने उन्हें सबक सिखाया है और उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। अगले साल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा रिकॉर्ड सीट के साथ लोकसभा चुनाव जीतेंगे।

### भाजपा-शिवसेना-एनसीपी अजीत गुट मिलकर लड़ेगे चुनाव

एकनाथ शिंदे ने कहा कि तीनों पार्टियां (भाजपा-शिवसेना-एनसीपी अजित गुट) एक साथ मिलकर लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। हम महागठबंधन के रूप में यह चुनाव लड़ेंगे। शिंदे ने महाराष्ट्र में 45 सीटें जीतने का दावा किया। अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा था कि हमने एनडीए के साथ और पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने का फैसला लिया है। भाजपाा भी कह चुकी हैं कि तीन दल मिलकर चुनाव लड़ेगें।

### सीट बंटवारे पर जल्द होगी फैसला

तीन दलों के बीच सीट बंटवारे का नई हुआ है। सभी तरह के अपने अपने दावे किये जा रहे है। सीट बंटवारे पर फडणवीस ने कहा कि सहयोगी पार्टियों के साथ बातचीत अभी बाकी है और विचार- विमर्श के बाद ही फैसला लिया जाएगा। फॉर्मूला के आधार पर सीटें उन्हीं पार्टियों को दी जाएगी, जिसने पहले भी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 25 और शिवसेना 23 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसमें बीजेपी को 23 और शिवसेना को 18 सीटों पर कामयाबी मिली।

### महाविकास आघाडी में मायूसी

महाविकास आघाडी (एमवीए ) खेमे में उदासी है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि हमें अनुमान नहीं था कि ऐसा रिजल्ट आएगा, मुझे नहीं लगता है कि इसका असर 2024 के चुनाव पर पड़ेगा। सुप्रिया सुले ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा काफी अलग होते हैं। जैसी लड़ाई होगी उसी हिसाब से पता चलेगा कि लोकसभा में क्या होगा। शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राउत कहते हैं कि अगर कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत इसके घटक दलों के साथ कुछ सीटें साझा की होतीं तो मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग होते। कांग्रेस के नेता संजय निरुपम कहते हैं कि हम समीक्षा करेंगे लेकिन इसका बहुत ज्यादा असर महाराष्ट्र में नहीं होगी क्योंकि यह चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत नहीं लड़ा गया, लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन बना है विधानसभा चुनावों के लिए नहीं ।

# 11 हजार पुलिसकर्मी, 40 बम दस्ते...

## महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था

**नागपुर.** महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में 7 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है. इस दौरान सुरक्षा के लिहास से कम से कम 11,000 पुलिसकर्मी, 40 बम दस्ते और राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की 10 कंपनियां समेत अन्य सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे. राज्य विधानसभा का 14 दिवसीय शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त होगा.

न्यूज एजेंसी के मुताबिक सत्र से पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रणनीति बनाने के लिए पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार और संयुक्त आयुक्त अस्वती दोरजे ने सोमवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक ली. पुलिस प्रमुख ने कहा कि अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मियों को विधान भवन के आसपास रणनीतिक रूप से तैनात किया जाएगा.

### SRPF की 10 कंपनियां रहेंगी तैनात

अधिकारी के मुताबिक राज्य विधानमंडल की सुरक्षा और संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए 11,000 पुलिसकर्मी, राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की 10 कंपनियां, 1,000 होम गार्ड, आतंकवाद विरोधी इकाई फोर्स वन और 40 बम पहचान और निपटान दस्ते (बीडीडीएस) तैनात किए जाएंगे.

### डीएसपी रैंक के 9 अधिकारी रहेंगे तैनात

उन्होंने कहा कि 11,000 पुलिसकर्मियों में से 6,000 को राज्य के विभिन्न हिस्सों से बुलाया गया है. शहर से पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रैंक के नौ अधिकारियों और अन्य जिलों से 10 अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, जबकि 50 सहायक पुलिस आयुक्त, 75 निरीक्षक और 20 महिला निरीक्षकों को नागपुर बुलाया गया है.

### 30 बम दस्ते VIP लोगों की सुरक्षा में रहेंगे तैनात

उन्होंने कहा कि पुलिस के अलावा, जिले के बाहर से 30 बम दस्ते को वीआईपी लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगाया गया है और शहर पुलिस बल से 10 को सुरक्षा विस्तार के हिस्से के रूप में तैनात किया जाएगा. बत्तीस संगठनों को मोर्चा निकालने की अनुमति दी गई है और आने वाले दिनों में यह संख्या 100 को पार करने की उम्मीद है.

### एड्स के प्रति जागरूकता जरूरी है- अजय वैद्य

**भिवंडी.** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर भिवंडी मनपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एड्स के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शहर से एक रैली निकाली गई. रैली का शुभारंभ मनपा प्रशासक अजय वैद्य ने हरी झंडी दिखाकर किया. इस अवसर पर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने कहा कि एड्स के प्रति जनजागरूकता जरूरी है. जिस तरह अन्य बीमारियों पर चर्चा होती है, उसी तरह एड्स पर चर्चा नहीं होती है.सुरक्षित यौन संबंध के उपायों को अपनाकर हमें भारत को ए मुक्त बनाना होगा.आयुक्त वैद्य कहा कि हम भिवंडी शहर और अपने देश को एड्स मुक्त बनाने के लिए हम सब मिलकर लगातार प्रयास करते रहेंगे.

# बच्चों को पर्याप्त नींद दिलाने के लिए स्कूल का समय बदलें : राज्यपाल

**मुंबई.** छात्रों की पर्याप्त नींद को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने एक साहसिक कदम उठाते हुए शिक्षा अधिकारियों से स्कूलों का समय बदलने पर विचार करने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि हाल के दिनों में हर किसी की नींद का तरीका बदल गया है, खासकर बच्चे, जो आधी रात के बाद ही सोते हैं, लेकिन उन्हें स्कूल जाने के लिए जल्दी उठना पड़ता है, जिससे उनकी नींद का न्यूनतम कोटा खत्म हो जाता है।

इस पृष्ठभूमि में उन्होंने स्कूलों और शिक्षा अधिकारियों से इस पहलू पर ध्यान देने के अलावा 'पुस्तक-रहित' स्कूलों, 'ई-कक्षाओं' को बढ़ावा देने और छात्र समुदाय पर शिक्षा के बोझ को कम करने के लिए उनकी गुणवत्ता के अनुसार स्कूलों की रैंकिंग करने का आह्वान किया।

राज्यपाल राजभवन में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न पहलों के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री दीपक केसरकर, मंगल प्रभात लोढ़ा और गिरीश महाजन के अलावा प्रमुख सचिव शिक्षा रणजीत सिंह देयोल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बोल रहे थे।

बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित नए स्कूल भवनों का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल और सीएम ने संयुक्त रूप से 'माई स्कूल, ब्यूटीफुल स्कूल', 'स्टोरी-टेलिंग सैटरडे', 'एंजॉयेबल रीडिंग', 'एडॉप्ट स्कूल एक्टिविटी', 'माई स्कूल, माई बैकयार्ड' और 'क्लीननेस मॉनिटर' जैसी पहल की शुरुआत की।

राज्यपाल ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि राज्य में सैकड़ों सार्वजनिक पुस्तकालय हैं, लेकिन अधिकांश पुराने हैं, इसलिए उन सभी को पुनर्जीवित करने और परिसर में कंप्यूटर और इंटरनेट प्रदान करके 'लाइब्रेरी एडॉप्शन' शुरू करने की आवश्यकता है।

# हमने देश को विकसित करने का संकल्प लिया, जो जरूर सफल होगा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्घाटन में बोली आयुक्त इंदुराणी जाखड़

- डिजिटल वैन के जरिए सरकारी योजनाओं के प्रति जनजागृति

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के मुख्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करने के बाद आयुक्त डॉ.इंदुराणी जाखड़ ने कहा कि हमने देश को विकसित करने का संकल्प लिया है, और यह जरूर सफल होगा। आयुक्त जाखड़ ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से महिलाओं को मुख्य धारा में लाकर राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार कैसे प्रदान किया जाए, इसकी योजना बनाई जाएगी। इस अवसर पर केडीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त मंगेश चितले अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल हेल्थ कार्ड, राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, उज्वला योजना आदि की जानकारी देने के अलावा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डिजिटल वाहन पर लगी बड़ी स्क्रीन पर वीडियो टेप के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है यह दिखाया गया। सरकार की ये डिजिटल वैन 7 दिसंबर तक मनपा के वार्ड के लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएगी।

# ट्रैफिक समस्या हल करने के लिए सपा विधायक ने सड़क पर किया गांधीगीरी

- बांटे गुलाब के फूल.
- ट्रैफिक पुलिस को दिया 100 बैरीकेट्स का उपहार

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में हर रोज ट्रैफिक जाम समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है. इस समस्या को सुलझाने में भिवंडी ट्रैफिक पुलिस अभी तक असफल साबित हुई है.शहर में भारी वाहनों सहित कई वाहन यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे आम जनता के साथ-साथ वाहन चालकों को शहर की सभी सड़कों पर भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है.

समस्या के समाधान हेतु भिवंडी पूर्व से सपा विधायक रईस शेख ने इस समस्या के समाधान के लिए सड़क पर उतरकर गैर कानूनी ढंग से वाहन चलाने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर गांधीगीरी के द्वारा उनसे ट्रैफिक नियम कानून के तहत सड़क पर वाहन चलाने की अपील की.

इसी के साथ मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की ओर से भिवंडी ट्रैफिक पुलिस को 100 प्लास्टिक बैरिकेड्स उपहार में दिए है.इस कार्यक्रम के बाद भिवंडी ट्रैफिक शाखा ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और अनियंत्रित मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी.इस अवसर पर भिवंडी शहर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनीष पाटिल और भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कुंभार और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### आम सूचना

मैं श्री हीरो हासानंद ब्रिजवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि आफिस नं. 47, सोना मार्केट, पहला माला, जापानी बाजार, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय06912700)। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नीता हासानंद ब्रिजवानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 02.3.2022 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री हीरो हासानंद ब्रिजवानी**

### आम सूचना

मैं श्री हीरो हासानंद ब्रिजवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि आफिस नं. 48, सोना मार्केट, पहला माला, जापानी बाजार, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय06912800)। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नीता हासानंद ब्रिजवानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 02.3.2022 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री हीरो हासानंद ब्रिजवानी**

# CID के इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स का निधन

- 5 दिन पहले हॉस्पिटल में हुए थे एडमिट
- वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे दिनेश
- मौत का कारण बना मल्टीपल ऑर्गन फेलियर



सोनी टीवी के मशहूर टीवी शो CID में इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स का रोल प्ले करने वाले एक्टर दिनेश फड़नीस का निधन हो गया है। इस बात की कन्फर्मेशन दिनेश के दोस्त और को-स्टार दयानंद शेट्टी ने दी है।

दयानंद ने कहा, 'दिनेश काफी वक्त से बीमार चल रहे थे। उन्हें हार्ट अटैक नहीं आया था। कुछ हेल्थ प्रॉब्लम थी। वो खुद ही हॉस्पिटल जाकर एडमिट हो गए थे। एडमिट होने के बाद जब उन्होंने ट्रीटमेंट लेना शुरू किया तब दूसरे कॉम्प्लिकेशन होने शुरू हो गए।'

वहीं रिपोर्ट्स की मानें तो 57 साल के दिनेश के निधन की वजह मल्टीपल ऑर्गन फेलियर रही। उन्होंने सोमवार रात करीबन 12 बजे मुंबई के तुंगा अस्पताल में आखिरी सांस ली।

उनका अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर मुंबई के बोरीवली ईस्ट में किया गया.

### पिछले दो दिन में आया था सुधारः दयानंद

दयानंद के अनुसार, अस्पताल में भर्ती किए जाते वक्त दिनेश की हालत नाजुक थी। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। हालांकि, 1 दिन बाद दिनेश की हालत में सुधार देखने को मिला था। उनकी बॉडी अच्छी तरह रिस्पॉन्ड कर रही थी। घरवालों और करीबियों को उम्मीद थी कि वो जल्द ठीक होकर घर लौटेंगे। दया ने आगे कहा, 'उनके साथ जब भी रहते, वो हमें काफी हंसाते थे। वे टीम के सबसे लाडले सदस्य हुआ करते थे।

## रोटरी क्लब ऑफ नवी मुंबई गरिमा का कार्यक्रम में

# कबीर के संगीतमय दोहे पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता





- थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों की मदद के लिए हुआ आयोजन

⏭ मोहनसिंह धामी

**नवी मुंबई.** थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ रोटरी क्लब आफ नवी मुंबई गरिमा द्वारा एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन हाल में किया गया। नवी मुंबई को थैलीसीमिया मुक्त बनाने के संकल्प के तहत यह कार्यक्रम नेरुल जिमखाना, नवी मुंबई में हुआ। इस संगीत संध्या में उत्तराखंड के लोक गायक सुरेश काला व उनकी टीम ने कबीर के दोहे की संगीतमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रसिद्ध गायिका मोना भट्ट ने भी रंगारंग प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। वहीं शास्त्रीय संगीत के गायक आयरलैंड के डॉक्टर सुदीप्तो दास ने भी रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम को आयोजित करने में संस्था से जुड़ी मीनाक्षी भट्ट व नंदिता दास प्रमुख भूमिका निभा रही। गरिमा की पदाधिकारी श्रीमती मीनाक्षी भट्ट ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों का आभार प्रकट किया। मीनाक्षी भट्ट ने कहा कि रोटरी क्लब नवी मुंबई समाज के हर तबके की सेवा के लिये संककल्पित है और इस कार्यक्रम में जो लोगों ने सहयोग दिया वह थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिये मददगार होगा। इस कार्यक्रम में मनोज भट्ट, सुशील जोशी, प्रवीण ठाकुर, ज्योति राठौर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अडाणी समूह के खिलाफ 16 को मार्च निकालेंगे उद्धव

- धारावी परियोजना का मुद्दा गरमाया

**मुंबई.** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार मुंबई के धारावी पुनर्विकास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए जोरशोर से कोशिश कर रही है। इस परियोजना का काम अडानी समूह की कंपनी को मिला है। हालांकि सूबे के विपक्षी दलों का आरोप है कि धारावी पुनर्विकास की आड़ में अडानी समूह को फायदा पहुंचाया जा रहा है। राज्य सरकार ने समूह को बड़ी रियायतें दी है। इसके चलते धारावी परियोजना का मुद्दा गरमाया हुआ है। अब अडानी समूह के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मोर्चा खोल दिया है। उद्धव गुट ने अगले हफ्ते विशाल मार्च निकालने की घोषणा की है।

मुंबई में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह 16 दिसंबर को अडानी समूह के मुंबई कार्यालय तक मार्च का नेतृत्व करेंगे। ठाकरे ने दावा किया कि शिंदे सरकार धारावी पुनर्विकास परियोजना में केवल व्यापारिक हित पर गौर कर रही है और अडानी समूह का पक्ष ले रही है।

उद्धव ठाकरे ने कहा, एक तरफ अनियोजित विकास कार्यों के कारण मुंबई के लोगों का दम घुट रहा है। शहर में प्रदूषण काफी बढ़ गया है। यह सरकार सिर्फ ठेकेदारों के लिए काम कर रही है। पहले प्रदूषण बढ़ाती है और फिर उसे रोकने के लिए नई मशीनरी तैयार की जाती है, जिसके लिए फिर से ठेके दिए जा रहे हैं। यह ठेकेदारों की सरकार है। मैंने सुना है कि सरकार मुंबई में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को इन ठेकेदारों को सौंपने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकार अडानी समूह को अभ्युदय नगर, आदर्श नगर और बांद्रा रिक्लेमेशन पुनर्विकास परियोजना देने पर अड़ी हुई है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता ठाकरे ने आरोप लगाते हुए कहा, "धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए कई संदिग्ध फैसले लिए गए हैं। इसमें टीडीआर (हस्तांतरणीय विकास अधिकार) बिक्री प्रावधान भी शामिल है, जिससे अडानी समूह को काफी फायदा होगा।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099